भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1141
उत्तर देने की तारीख-10/0202/25

अल्पसेवित जिलों में केन्द्रीय विद्यालय

†1141. **श्री बैन्नी बेहनन:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश के कई जिलों में केन्द्रीय विद्यालय नहीं है, यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं;
(ख) क्या सरकार की देश भर में अल्पसेवित जिलों में और अधिक केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने की कोई योजना है, यदि हां, तो प्रस्तावित स्थानों का ब्यौरा क्या है; और
(ग) अनुमोदन के लिए वर्तमान में विचाराधीन केन्द्रीय विद्यालयों का ब्यौरा क्या है और इन्हें कब तक स्थापित किया जाएगा?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग) नए केवि खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केवि मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कार्मिकों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करके खोले जाते हैं। नए केवि खोलने संबंधी प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों के द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिसमें मानदंडों के अनुसार एक नया केवि स्थापित करने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित अपेक्षित संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता होती है। प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं। केन्द्रीय विद्यालय जिले के मानदंडों पर नहीं खोले जाते हैं। केवि जिले के मानदंडों के आधार पर नहीं खोले जाते हैं।

वर्तमान में, देश भर में 1253 केवि कार्यात्मक हैं। भारत सरकार ने हाल ही में देश भर में सिविल/रक्षा क्षेत्र के अंतर्गत 85 नए केवि खोलने और सभी कक्षाओं में 2 अतिरिक्त अनुभाग जोड़कर एक मौजूदा केवि अर्थात केवि शिवमोग्गा, जिला शिवमोग्गा, कर्नाटक के विस्तार को मंजूरी दी है।

*****